अण्डमान निकोबार
द्वीप समाचार
संख्या 226 पोर्ट ब्लेयर, बुधवार, 24 अगस्त 2022 web: www. and.ni

जनजातीय खेतिहर महिलाओं की पोषण सुरक्षा के लिए फलों की काश्त का प्रशिक्षण

हटबे, 23 अगस्त।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान (सीआईएआरआई), पोर्ट ब्लेयर द्वारा गत 18 और 19 अगस्त, 2022 को लिटिल अंडमान के हरमिन्दर बे में 'आदिम जनजाति घटक के तहत जनजातीय खेतिहर महिलाओं की पोषण सुरक्षा के लिए फलों की काश्त' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 15 टुहेट की 35 खेतिहर महिलाओं ने भाग लिया। वैज्ञानिकों व कार्यक्रम के संयोजकों डॉ. पूजा बोहरा तथा डॉ. अजित अरूण वामन ने स्वास्थ्यवर्धन में पोषक तत्वों एवं विविध फल स्रोतों की भूमिका, विभिन्न बारहमासी फल फसलों को उगाने के लिए काश्त पद्धति के बारे में जागरूक किया। प्रशिक्षण के बाद किसानों के बीच फलदार पौधे रोपने का निदर्शन भी किया गया।

प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार जनजातीय परिषद की सामान्य परिसम्पत्तियों के रूप में पॉलीहाऊस के निर्माण के लिए विविध फलों के 250 पौधों को आदान के रूप में प्रदान किया गया। फस्ट हैडमैन श्री एन्ड्रू मोसेस, सकेन्ड हैडमैन श्री योसेफ तथा जनजातीय परिषद के सचिव श्री फेस्टस ने जनजातीय कृषक समुदाय के बेहतरी के लिए आदान मुहैया कराने के प्रति आईसीएआर–सीआईएआरआई की सराहना की।